प्रसार भारती

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

18.45 मंगलवार दिनांक 30.12.2025

मुख्य समाचारः—

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड के गुमला में आयोजित समारोह में जशपुर जिले की स्व—सहायता समूहों से जुड़ी जनजातीय महिलाओं की कार्य—कुशलता और आत्मनिर्भरता की प्रशंसा की।

- उपमुख्यमंत्री और लोक निर्माण विभाग मंत्री अरूण साव ने कहा है कि प्रदेश की सभी सड़कों की मरम्मत का काम पंद्रह जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा।

- आरएसएस के प्रमुख और सर संघ चालक मोहन भागवत कल अभनपुर के पास सोनपैरी गांव में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे।

- चिकित्सा शिक्षा विभाग ने बी.एससी. नर्सिंग पाठ्यक्रम के लिए दस परसेंटाइल या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को भी प्रवेश के लिए पात्र घोषित किया।

राष्ट्रपति—झारखंड

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज झारखंड के गुमला जिले में अंतरराज्यीय जनसंस्कृति समागम समारोह—कार्तिक यात्रा के समापन समारोह में शामिल हुई। राष्ट्रपति ने बाबा कार्तिक उरांव का स्मरण करते हुए जनजातियों के उत्थान पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल हुए। कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने जशपुर जिले की स्व—सहायता समूहों से जुड़ी जनजातीय महिलाओं की कार्य—कुशलता और आत्मनिर्भरता की प्रशंसा की।

इससे पहले, मुख्यमंत्री श्री साय ने राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू का जशपुर विमानतल पर स्वागत किया।

अरूण साव—पत्रकारवार्ता

उपमुख्यमंत्री और लोक निर्माण विभाग मंत्री अरूण साव ने कहा है कि प्रदेश की सभी सड़कों की मरम्मत का काम पंद्रह जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। श्री साव ने आज नवा रायपुर में एक पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए लोक निर्माण विभाग के दो वर्ष के कार्यों और आगामी वर्षों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि सड़क सुधार का काम प्रदेश में तेज गति से चल रहा है और पंद्रह जनवरी तक सभी सड़कें गड्ढा मुक्त हो जाएंगी।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने दिसंबर दो हजार तेईस से अब तक एक हजार एक सौ छब्बीस कार्यों के निर्माण के लिए आठ हजार बयानवे करोड़ रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। वर्तमान में तीन हजार छह सौ इकतालीस किलोमीटर सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि सुदूर इलाकों में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के क्रियान्वयन में सड़कों की अहम भूमिका होती है।

श्री साव ने बताया कि नक्सल प्रभावित जिलों में लोक निर्माण विभाग द्वारा कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए सड़कों का निर्माण लगातार किया जा रहा है।

भाजपा—पत्रकारवार्ता

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने विकसित भारत – जी राम जी योजना का विरोध करने पर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों की आलोचना की है। आज रायपुर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में एक

पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहले मनरेगा में सौ दिनों का काम होता था। लेकिन, नई योजना के तहत अब ग्रामीणों को एक सौ पच्चीस दिन का काम मिलेगा।

जल सेवा आंकलन—शुभारंभ

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत सेवाओं की कुशल उपलब्धता तथा सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने के लिए आज जल सेवा आंकलन का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री पाटिल ने कहा कि जल सेवा आंकलन ग्राम पंचायतों को अपनी जलापूर्ति प्रणालियों का संरक्षक बनाएगी। इससे ग्राम सभाओं के जरिए निर्णय लेने की प्रक्रिया और मजबूत होगी।

मोहन भागवत—छत्तीसगढ़

राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ—आरएसएस के प्रमुख और सर संघ चालक मोहन भागवत कल अभनपुर के पास सोनपैरी गांव में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संत असंग  देव जी होंगे। यह कार्यक्रम असंग देव कबीर आश्रम में आयोजित किया जाएगा।

श्री भागवत छत्तीसगढ़ के तीन दिवसीय प्रवास पर आज रात करीब आठ बजे रायपुर पहुंचेंगे। अपने प्रवास के दौरान श्री भागवत हिंदू सम्मेलन, युवा संवाद और सद्भावना बैठक जैसे आयोजनों में हिस्सा लेंगे। इस दौरान संगठन की विचारधारा, सामाजिक दायित्व और युवाओं की सक्रिय भूमिका पर चर्चा की जाएगी।

कल सुबह इकतीस दिसंबर को श्री भागवत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान—एम्स रायपुर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

वहीं, एक जनवरी को श्री भागवत सामाजिक सद्भावना बैठक में हिस्सा लेंगे। इस बैठक में सभी समाज के प्रदेश प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह

सड़क सुरक्षा की गंभीरता, चुनौतियों और नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सहित देशभर में एक से इकतीस जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान राज्य के सभी जिलों में सड़क सुरक्षा को लेकर जन—जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

एक जनवरी को रायपुर में शाम पांच बजे उच्चतम न्यायालय की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष अभय मनोहर सप्रे की उपस्थिति में हेलमेट और बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, हेलमेट का उपयोग और सावधानी से वाहन चलाने का संदेश दिया जाएगा।

सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिलों में सड़क सुरक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, स्वास्थ्य परीक्षण और नेत्र जांच शिविर, स्कूली बच्चों के लिए स्लोगन, निबंध, चित्रकला तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। वहीं, ई—रिक्शा, ऑटो, बस और एंबुलेंस चालकों के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। इन शिविरों में वाहनों का परीक्षण और रेडियम पट्टियों की जांच की जाएगी। शराब सेवन कर वाहन चलाने से होने वाले नुकसान पर रैली, ग्राम चौपालों में जन—जागरूकता कार्यक्रम, गंभीर सड़क दुर्घटना स्थलों का चिन्हांकन और सड़क सुरक्षा मितानों का प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही हेलमेट लगाकर वाहन चलाने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

विशेष कार्यक्रम

श्रोताओं, वर्ष दो हजार पच्चीस सिर्फ वैश्विक राजनीति का एक और साल नहीं था, बल्कि यह दुनिया के मंच पर भारत के उभार का एक अहम दौर भी था। आर्थिक अनिश्चितता, बदलते भू—राजनीतिक हालत और शक्ति संतुलन के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक मजबूत और स्थिर नेतृत्व के रूप में सामने आए।

जाने–माने सामाजिक और राजनीतिक विश्लेषक तथा छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉक्टर सुशील त्रिवेदी ने कहा कि तमाम वैश्विक और आर्थिक अनिश्चितता के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक मजबूत नेतृत्व के रूप में वैश्विक राजनीति में सबसे उभरते हुए नेता के रूप में नजर आ रहे हैं।

श्रोताओं, इस पूरी बातचीत को आकाशवाणी रायपुर द्वारा आज रात नौ बजकर पंद्रह मिनट से नौ बजकर तीस मिनट तक प्रसारित किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र एक साथ रिले करेंगे।

बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने बी.एससी. नर्सिंग पाठ्यक्रम के प्रवेश नियमों को शिथिल करते हुए दस परसेंटाइल या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को भी प्रवेश के लिए पात्र घोषित किया है।
यह निर्णय भारतीय उपचर्या परिषद द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के संदर्भ में लिया गया है। प्रदेश के नर्सिंग महाविद्यालयों की रिक्त सीटों को भरने के उद्देश्य से परिषद ने पात्रता मानदंडों में छूट देने पर सहमति दी है। यह छूट केवल चालू शैक्षणिक सत्र के लिए प्रभावी होगी। जिन अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा में दस परसेंटाइल या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, वे रिक्त सीटों पर प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश की अंतिम तिथि कल इकतीस दिसंबर है।

कलम बंद–हड़ताल

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा कल से अपनी ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर में कलम बंद हड़ताल की जा रही है। आज दूसरे दिन भी हड़ताल के चलते इंद्रावती भवन सहित अनेक शासकीय कार्यालयों में कामकाज प्रभावित हुआ। इस हड़ताल का नगरीय निकायों के कर्मचारी और विश्वविद्यालयों तथा स्कूलों के शिक्षकों ने भी समर्थन किया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज अधिकारियों–कर्मचारियों ने रैली भी निकाली।

प्राचार्य/सहायक प्राध्यापक–निलंबित

उच्च शिक्षा विभाग ने महासमुंद जिले के लोहराकोट महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एस.एस. तिवारी और पिथौरा के चार सहायक प्राध्यापकों को पीएम–उषा मद के अंतर्गत आवंटित राशि में गड़बड़ी के मामले में निलंबित कर दिया है।

इस बीच, बलरापुर जिले की रामचंद्रपुर तहसील में पदस्थ पटवारी विवेक शुभम वैभव को फसल गिरदावरी कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

विधायक पत्नी–हमला

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल की पत्नी पर आज सुबह जानलेवा हमला किया गया है। हमले में उनके दोनों हाथों की नसें कट गई हैं, जबकि गले पर भी चोट के गहरे निशान पाए गए हैं। उन्हें जगदलपुर के महारानी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी है।